जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जी.वि/परीक्षा/नामांकन/2014/ 82 **दिनांकः** 10-9-14

//अधिसूचना//

जीवाजी विश्वविद्यालय के समस्त सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों, स्वशासी महाविद्यालयों एवं समस्त अध्ययनशालाओं को सूचित किया जाता है कि सत्र 2014–15 से स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों के लिये नामांकन हेतु आवेदन (Enrollment Form) एम0पी0ऑनलाईन के पोर्टल के माध्यम से भरे जावेगे।

ऑनलाईन आवेदन (Enrollment Form) भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :–

समस्त प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित /स्नातक (यू0जी0) एवं स्नातकोत्तर (पी0जी0) कोर्स के लिए

क्र.	समस्त प्रक्रिया	आवेदन की दिनांक
1	इस प्रक्रिया के अन्तर्गत स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर मे प्रवेशित छात्र अपना उच्च शिक्षा द्वारा दिया हुआ एप्लीकेशन आईडी, जन्म तिथि लेकर एम0पी0ऑनलाईन के पोर्टल पर अंकित करेंगे। समस्त अध्ययनशालाओं में प्रवेशित छात्र/छात्राएं एम0पी0 ऑनलाईन द्वारा दिया गया ऐप्लीकेशन न0 पोर्टल पर अंकित करेंगे एवं Enrollment form भरने एवं भुगतान करने के पश्चात् इस फार्म के प्रिंटआउट की प्रति संबधित महाविद्यालय/ अध्ययनशाला में जमा करायेगा।	यह प्रक्रिया दिनांक 09/09/2014 से 30/09/2014 तक उपलब्ध रहेगी। सामान्य शुल्क के साथ (पोर्टल शुल्क अतिरिक्त लगेगा) 01/10/2014 से विलम्ब शुल्क 200/– अतिरिक्त लगेगा
2	छात्रों द्वारा Enrollment form की प्रति आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित महाविद्यालय में जमा की जावेगी।	30/09/2014 तक
3	छात्रों द्वारा महाविद्यालय में जमा की गई Enrollment form का (Document Verification) उन छात्रों का किया जावेगा जिनका प्रवेश उच्च शिक्षा म.प्र.शासन द्वारा प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत महाविद्यालयों के प्रथम सेमेस्टर में हुआ है। इस प्रकिया को करने के लिए एम0पी0 ऑनलाईन के पोर्टल पर सभी महाविद्यालयों को G2G यूजर आई डी एवं पासवर्ड विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जावेगा।	महाविद्यालय द्वारा (Document Verification) 04/10/2014 तक संपन्न कराया जावेगा एवं दिनांक 07/10/14 तक आवश्यक रूप से वि0वि0 की नामांकन शाखा में फॉर्म जमा करें अन्यथा उक्त दिनांक के पश्चात् नामांकन फॉर्म वि0वि0 द्वारा मान्य नहीं किये जावेंगे। इसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।
4	Verification & Approval by University महाविद्यालय द्वारा मान्य किये गये Enrollment form Verification विश्वविद्यालय द्वारा किया जावेगा।	30/10/2014 तक
5	Enrollment Generation : (नामांकन जारी करना) सभी छात्रों के नामांकन फॉर्म की सूची महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में जमा कराना अनिवार्य है। इसके उपरांत ही विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन जारी किया जावेगा। नामांकन जारी किये जाने के उपरांत नामांकित छात्रों की सूची एम0पी0 ऑनलाईन द्वारा दिये गये यूजर नेम पासवर्ड से प्राप्त की जा सकती है।	01/11/2014 से

आवश्यक सूचना :–

1. **समस्त प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित स्नातक (यू0जी0) एवं स्नातकोत्तर (पी0जी0) कोर्स के छात्र/छात्राओं को आवश्यक रूप से नामांकन का आवेदन–पत्र ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन माध्यम से भर देने चाहिए अन्यथा वे छात्र/छात्राएं परीक्षा फार्म भरने से वचिंत रह जावेगे।**

2. एम0पी0ऑनलाईन के पोर्टल पर नामांकन फार्म भरते समय छात्रों को निम्न दस्तावेज आवश्यक रूप से साथ लेकर जावें।

- Higher Education –ID (उच्च शिक्षा द्वारा दिया गया आईडी)
- Proof of D.O.B. जन्मतिथि की प्रति।
- Marksheet अंकसूची।
- Migration Certificate प्रवजन प्रमाण–पत्र।
- Eligibillty certificate अर्हता प्रमाण–पत्र
- Gap Certificate
- T.C. पर D.E.O. के प्रति हस्ताक्षर।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलाधिसचिव, की ओर सूचनार्थ।
4. वित्त नियंत्रक जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. अध्यक्ष/अधिकारी/शिक्षक/कर्मचारी की ओर सूचनार्थ।
6. समस्त विभागाध्यक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. प्रशासन, लेखा, परीक्षा, गोपनीय, सम्बद्धता, अकादमिक, विभाग जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
8. प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
9. मुख्य परिचालन अधिकारी एम0पी0ऑनलाईन लिमिटेड होशंगाबाद रोड़, भोपाल।

उप–कुलसचिव (परीक्षा)